# कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**//प्रेस विज्ञप्ति//**

क्रमांक/11451 /PMAY-G/जि.पं./2024-25 जांजगीर, दिनांक : 26/09/24

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का आदेश क्रमांक/एफ 3-1/22-2/2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 29.08.2024 में दिए गए स्वीकृति के आधार पर संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विकास भवन, प्रथम तल, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक/1251/PMAY-G/स्था/31/2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 20.09.2024 के माध्यम से प्राप्त निर्देशानुसार एवं जिला स्तरीय चयन समिति के अनुमोदन उपरांत की गई अनुशंसा के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिले में जिला स्तर पर लेखापाल एवं जनपद स्तर पर जनपद पंचायत बम्हनीडीह हेतु तकनीकी सहायक के संविदा रिक्त पदों की भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन **दिनांक 11.10.2024 को अपरान्ह 5:00 बजे तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)** के नाम से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। योजनांतर्गत रिक्त संविदा पद पर चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन, पदों की संख्या, निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी तथा आवेदन पत्र प्रारूप जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के वेब-साईट **https://janjgir-champa.gov.in/en/notice-category/recruitment** पर देखा जा सकता है तथा डाउनलोड किया जा सकता है। अन्य जानकारी जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

26.09.24

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

पृ.क्रमांक/11452/PMAY-G/जि.पं./2024-25 जांजगीर, दिनांक : 26/09/24

**प्रतिलिपि :-**

01. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन अटल नगर की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित्।
02. आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित्।
03. संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विकास भवन, प्रथम तल, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित्।
04. विकास आयुक्त कार्यालय विकास भवन, चतुर्थ तल, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित्।
05. कलेक्टर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित्।
06. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर जिले के वेबसाईट में अपलोड किए जाने हेतु प्रेषित्।
07. जिला जनसंपर्क अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशनार्थ प्रेषित्।
08. सर्व अनुविभागीय अधिकारी (रा.) .................................. जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
09. सदस्य सचिव/सदस्य जिला स्तरीय चयन समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत .......................................... जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु।

26.09.24

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

# कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

## //विज्ञापन//

क्रमांक/ 11453/PMAY-G/जि.पं./2024-25 जांजगीर, दिनांक : 26/09/24

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का आदेश क्रमांक/एफ 3–1/22–2/2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 29.08.2024 में दिए गए स्वीकृति के आधार पर संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विकास भवन, प्रथम तल, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्र./1251/PMAY-G/स्था/31/2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 20.09.2024 के माध्यम से प्राप्त निर्देशानुसार एवं जिला स्तरीय चयन समिति के अनुमोदन उपरांत की गई अनुशंसा के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत जिले में जिला स्तर पर **लेखापाल** एवं जनपद स्तर पर जनपद पंचायत बम्हनीडीह हेतु **तकनीकी सहायक** के संविदा रिक्त पदों की भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन **दिनांक 11.10.2024 को अपरान्ह 5:00 बजे तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)** के नाम से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

जिला स्तर पर **लेखापाल** एवं जनपद स्तर पर जनपद पंचायत बम्हनीडीह हेतु **तकनीकी सहायक** के संविदा रिक्त पदों का संवर्गवार विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र | पद का नाम | जिला/जनपद पंचायत का नाम | रिक्त पदों की वर्गवार जानकारी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अ.पि.वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | कुल |
| 1 | लेखापाल | जि.पं. जांजगीर–चांपा | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | तकनीकी सहायक | ज.पं. बम्हनीडीह | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | | योग :– | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 |

**01. शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनः–**

| क्र | पदनाम | संविदा वेतन | निर्धारित अर्हता | मेरिट हेतु अंक का निर्धारण | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लेखापाल | 23350/– (लेवल 6) | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ बी.काम. उत्तीर्ण। | हायर सेकण्ड्री में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 30 |
| | | | | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 30 |
| | | | | शासकीय कार्य का अनुभव पर 100 अंको का Weightage देते हुए (प्रत्येक वर्ष हेतु 04 अंक) **अधिकतम 20 अंक** | 20 |
| | | | | कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 20 |
| | | | | **प्राथमिकता**<br>• प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण में कार्यानुभव को प्राथमिकता<br>• उच्च शिक्षा/एम.काम. को प्राथमिकता | |

| क्र | पदनाम | संविदा वेतन | निर्धारित अर्हता | मेरिट हेतु अंक का निर्धारण | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तकनीकी सहायक | 35165/–<br>(लेवल 9) | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी.ई./बी.टेक./डिप्लोमा (सिविल इंजीनियरिंग) न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण<br>**अथवा**<br>2. उपरोक्त श्रेणी में अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में बी.ई./बी.टेक./डिप्लोमा (किसी भी ब्रांच में इंजीनियरिंग) में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण<br>**अथवा**<br>3. उपरोक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में एम.एस.सी. (गणित/भौतिक) में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण | हायर सेकण्ड्री में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 20 |
| | | | | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 30 |
| | | | | शासकीय कार्य का अनुभव पर 100 अंको का Weightage देते हुए (प्रत्येक वर्ष हेतु 04 अंक) **अधिकतम 20 अंक** | 20 |
| | | | | कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 20 |
| | | | | सक्षात्कार पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 10 |
| | | | | **प्राथमिकता**<br>शासकीय व गैर शासकीय संस्थाओं में निर्माण कार्य में कार्य अनुभव को प्राथमिकता | |

**अनिवार्य शर्त :– अनुभव हेतु पदों में दिए गए आवश्यक वर्षो का सैलेरी स्लिप/बैंक स्टेटमेंट आवश्यक है।**
**उक्त संविदा रिक्त पदों की भर्ती हेतु नियम एवं शर्ते निम्नवत् है :–**

01. निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र बंद लिफाफे में केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)** के नाम से **दिनांक 11.10.2024** को **सायं 5:00 बजे** तक प्राप्त किये जावेंगे। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ई–मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जावेंगे। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
02. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम स्पष्ट उल्लेख किया जावे, अन्यथा आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।
03. आयु न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष निर्धारित है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी छूट संबधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिए लागू होंगे। आयु की गणना 01 जनवरी 2024 के आधार पर की जावेगी।
04. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा। स्थायी जाति प्रमाण पत्र एवं उसके संबध में शपथ पत्र संलग्न करना होगा।
05. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना होगा।
06. आवेदक द्वारा आवेदन हेतु समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है।
07. संविदा नियुक्ति अधिकतम तीन वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष के लिए निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
08. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्र. एफ 9–1/2012/1–3 दिनांक 31 दिसबंर 2012 एवं अद्यतन निर्देश के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबध में समस्त शर्ते लागू होगी।

09. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत् अवकाश की पात्रता होगी।

10. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।

11. संविदा अवधि के दौरान दोंनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

12. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु–लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।

13. जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों को मेरिट आधार पर सूचीबद्ध किया जायेगा और उनको कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा तद्उपरांत कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेगा।

14. सर्वोच्च अंक अर्जित करनें वाले आवेदक को नियुक्ति दिया जावेगा। 05 आवेदक को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा एवं भविष्य में पद रिक्त होता है तो उसे प्रतीक्षा सूची से भरा जावेगा।

15. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत् आवेदक को अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित, प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

16. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटीपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा एवं अन्य से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

17. आवेदक जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा। विवाह प्रमाण पत्र संलग्न करें।

18. आवेदक जिनकी दो से अधिक संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।

19. उम्मीदवार जिसनें ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नि जीवित हो, पात्र नहीं होगा। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात् यदि शासन को इस बात की समाधान हो जाये कि ऐसा करनें का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।

20. यदि अभयर्थी विकलांग है तो मेडिकल बोर्ड से जारी विकलांगता प्रमाण पत्र संलग्न करें।

21. नियुक्ति के संबध में अधोहस्ताक्षरकर्ता/चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं बंधन कारी होगा।

22. आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप कार्यालय जिला पंचायत, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) एवं जनपद पंचायतों के सूचना पटल एवं जिले के वेब साईट **https://janjgir-champa.gov.in/en/notice-category/recruitment** से अवलोकन किया जा सकता है।

23. प्रारंभिक सूची के प्रकाशन के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति में किसी भी प्रकार के शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव प्रमाण पत्र या अन्य प्रमाण पत्र संलग्न किए जाने पर मान्य नहीं किया जावेगा। मूल आवेदन में संलग्न किए गए प्रमाण पत्र के आधार पर ही अंक प्रदान किये जायेगें।

24. दावा आपत्ति में केवल लिपीकीय त्रुटी का ही सुधार किया जावेगा। इस संबध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किए जायेगे।

25. **संचालनालय, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिला/जनपद पंचायत स्तर पर संविदा रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पत्र क्रमांक 1127/प्र.मं.आ.यो.–ग्रा./स्था/31/2024 नवा रायपुर, दिनांक 03.09.2024 के माध्यम से जारी विज्ञापन को संचालनालय, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के शुद्धि पत्र क्रमांक 1250/प्र.मं.आ.यो.–ग्रा./स्था/31/2024 नवा रायपुर, दिनांक 20.09.2024 के माध्यम से निरस्त कर दी गई है। (छायाप्रति संलग्न है) ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा इस जिले के रिक्त संविदा पदों हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था, उन अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करने की आवशकता होगी।**

26. संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अटल नगर नवा रायपुर के निर्देशानुसार नियमों में परिवर्तन मान्य है।

**संलग्न :–उपरोक्तानुसार।**

26.09.24

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

# प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण

विकास भवन, प्रथम तल, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक

छत्तीसगढ, नवा रायपुर, अटल नगर.

*Email id : rd.pmaycg@gmail.com  Phone No. 0771-2512388*


प्रधान मंत्री
आवास योजना–ग्रामीण
Pradhan Mantri Awas Yojana-Gramin

क्रमांक 1250/प्र.मं.आ.यो.–ग्रा./स्था./31/2024        नवा रायपुर, दिनांक 20/09/2024

## – : शुद्धि पत्र –01 :–

संचालनालय, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत जिला/जनपद पंचायत स्तर पर संविदा रिक्त पदों की पूर्ति हेतु इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1127/प्र.मं.आ.यो.–ग्रा./स्था./31/2024, दिनांक 03.09.2024 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, अपरिहार्य कारण से उक्त विज्ञापन को निरस्त किया जाता है।

( रजत बंसल )
संचालक
प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर

# कार्यालय जिला पंचायत जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

अभ्यर्थी स्व–प्रमाणित फोटो चस्पा करें।

आवेदित पद का नाम ............................................

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत जांजगीर–चांपा
जिला –जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

01. आवेदक का पूरा नाम (अ) हिन्दी में – ..............................................................

(ब) अंग्रेजी में – ..............................................................

02. पिता/पति का नाम – ..............................................................

03. लिंग (महिला/पुरूष/तृतीय लिंग) – ..............................................................

04. जन्म तिथि (अ) अंको में – ..............................................................

(ब) शब्दों में – ..............................................................

(स) दिनांक 01.01.2024 को आयु – वर्ष ................ माह ................ दिन ..............

05. वर्ग (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.) – ..............................................................

06. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में) – ..............................................................

..............................................................

07. स्थायी पता (हिन्दी में) – ..............................................................

..............................................................

08. मोबाईल नंबर – ..............................................................

09. ई–मेल आई.डी. – ..............................................................

10. आधार नंबर – ..............................................................

11. रोजगार कार्यालय का नाम – ..............................................................

जीवित पंजीयन क्र./दिनांक – ..............................................................

12. शैक्षणिक योग्यता का विवरण :–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण करनें का वर्ष | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांक का प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | |

13. अनुभव का विवरण :–

| क्र. | कार्यालय/संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव समयावधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | वर्ष | माह |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

14. विकलांग (हॉं/नहीं) – ..............................

(यदि हॉं तो प्रमाण पत्र संलग्न करें)

15. वैवाहिक स्थिति :–

क. विवाहित/अविवाहित – ..............................

ख. विवाहित होने पर निम्न जानकारी भरी जावे :–

विवाह का दिनांक – ..............................

ग. जीवित संतान का विवरण :–

| क्र. | नाम | पुत्र/पुत्री | जन्म दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | .............................. | .............................. | .............................. |
| 2. | .............................. | .............................. | .............................. |
| 3. | .............................. | .............................. | .............................. |

16. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

1. अनिवार्य अनुभव हेतु सैलेरी स्लिप/बैंक स्टेटमेंट।
2. ..............................
3. ..............................
4. ..............................
5. ..............................
6. ..............................
7. ..............................
8. ..............................

..............................

**आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारियां पूर्ण एवं सत्य है। चयन होने तथा भविष्य में किसी भी स्तर पर असत्य पाये जाने पर मेरी सेवाएं समाप्त कर मेरे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करनें का पूर्ण अधिकार होगा।

दिनांक : ..............................

स्थान : ..............................

..............................

**आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**